भारत के उप राष्ट्रपति और राज्य सभा के सभापति, ने नई संसद भवन के गज द्वार पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया

...

लोक सभा अध्यक्ष ने इस अवसर की शोभा बढ़ाई

...

संसद के आगामी सत्र से एक दिन पहले नई संसद भवन पर राष्ट्रध्वज फहराया गया

...

नई दिल्ली; 17 सितंबर, 2023: भारत के उप राष्ट्रपति और राज्य सभा के सभापति, श्री जगदीप धनखड़ ने आज नए संसद भवन में राष्ट्रध्वज फहराया। कल से आरंभ होने वाले संसद के आगामी सत्र से एक दिन पहले नए संसद भवन के गज द्वार के शीर्ष पर राष्ट्रध्वज फहराया गया।

लोक सभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला ने भी कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।

केन्द्रीय वाणिज्य एवं उद्योग, उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण तथा कपड़ा मंत्री, श्री पीयूष गोयल; केन्द्रीय संसदीय कार्य और कोयला एवं खान मंत्री, श्री प्रल्हाद जोशी; राज्य सभा के उप सभापति, श्री हरिवंश; संसदीय कार्य राज्य मंत्री श्री अर्जुन राम मेघवाल और श्री वी. मुरलीधरन; राज्य सभा और लोक सभा में दलों के नेता और अन्य गण्यमान्य व्यक्ति भी इस अवसर पर उपस्थित रहे।

इस अवसर पर, भारत के उप राष्ट्रपति और राज्य सभा के सभापति, श्री जगदीप धनखड़ और लोक सभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला ने केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के संसद ड्यूटी समूह द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर का निरीक्षण किया।

श्री धनखड़ एवं श्री बिरला ने सुरक्षाकर्मियों को फलों की टोकरी देकर सम्मानित भी किया।